No. of Printed Pages : 2 M00982 **बी.ई.एस.-145**

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा,

दिसंबर 2019

बी.ई.एस.-145 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे] *[अधिकतम भारिता : 70%*

नोट : (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) सभी प्रश्नों के भारिता समान है।

---

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

भाषा की प्रकृति का वर्णन कीजिए। भाषा के किन्हीं चार प्रकार्यों को उदाहरण सहित समझाइए।

अथवा

माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक स्तर पर हिन्दी भाषा शिक्षण के उद्देश्यों की चर्चा कीजिए।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

पठन कौशल के उद्देश्य और महत्व का वर्णन कीजिए। पठन की प्रक्रिया को कितने भागों में विभाजित कर सकते है? वर्णन कीजिए।

अथवा

माध्यमिक स्तर पर कहानी शिक्षण का महत्व, उद्देश्य और शिक्षण प्रक्रिया समझाइये। उपन्यास शिक्षण कहानी शिक्षण से किस प्रकार भिन्न है, स्पष्ट कीजिए।

3. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न लगभग **150** शब्दों में हो :

a) आकलन, मूल्यांकन से किस प्रकार भिन्न है, उचित उदाहरण द्वारा समझाइये।

b) मौखिक अभिव्यक्ति कौशल की विशेषताएं बताइए।

c) सृजनात्मक लेखन की प्रक्रिया समझाइये।

d) पठन कौशल के किन-किन क्षेत्रों में क्रियात्मक शोध किया जा सकता है? उदाहरणों की सहायता से समझाइये।

e) समुन्नयन कार्य का महत्व समझाइये।

f) भाषा शिक्षण और साहित्य शिक्षण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए :

माध्यमिक स्तर पर हिन्दी व्याकरण पढ़ाने के लिए एक शीर्षक का चुनाव कीजिए। व्याकरण शिक्षण की विस्तृत पाठयोजना तैयार करते हुए शिक्षण विधि के सोपानों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

✧✧✧✧✧✧